| 1 | | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|
| ON BEHALF OF THE MINISTRY OF IRRIGATION (CENTRAL WATER COMMISSION) | | | | |
| 1 | Bhagirath (Patrika) | Quarterly | Hindi | 2,000 |
| 2 | Bhagirath | Quarterly | English | 4,000 |
| ON BEHALF OF THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS | | | | |
| 1 | Indian & Foreign Review | Fortnightly | English | 15,000 |

## 58 वर्ष की आयु के पश्चात सरकारी सेवा में नियुक्ति

4048. श्री नवाब सिंह चौहान : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 14 दिसम्बर, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3797 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पर्यवेक्षी श्रेणी के स्टाफ आर्टिस्टों को लम्बी अवधि के ठेके पर नियुक्त करने के क्या कारण हैं ;

(ख) क्या सरकार का विचार उन्हें 58 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त करके तथा उन्हें पेंशन देने सम्बन्धी नियम बना कर कल्याणकारी राज्य की नीति का अनुसरण करने का है; और

(ग) यदि हां, तो ऐसा संभवत: कब किया जायेगा ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) पर्यवेक्षी तथा अन्य श्रेणियों के स्टाफ आर्टिस्टों को आकाशवाणी में लम्बी अवधि के ठेके पर 58 वर्ष की आयु तक नियुक्त किया जाता है। 58 वर्ष की आयु पर पुनरीक्षण करने पर उनको 60 वर्ष की आयु तक काम करने की अनुमति दी जाती है।

(ख) स्टाफ आर्टिस्ट को भी 58 वर्ष की आयु पर सेवानिवृत्त करने का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। ठेके पर काम करने वाले कर्मचारी पेंशन के पात्र नहीं हैं। वे अंशदायी भविष्य निर्वाह निधि के लाभों के हकदार हैं। जहां ठेके की शर्तों के अन्तर्गत विशिष्ट रूप से स्वीकार कर लिया जाता है, उन्हें ग्रेच्युटी भी दी जाती है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

## दूरदर्शन के परिवहन प्रभारियों के कार्यकरण की जांच

4049. श्री नवाब सिंह चौहान :
श्री टी० एस० नेगी :

क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 22 फरवरी, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 302 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 22 फरवरी, 1978 को दिया गया उत्तर वही था जो 22 जून, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1369 और 20 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 का दिया गया था ;

(ख) यदि हां, तो दस महीने के बाद भी जांच पूरी न किये जाने के क्या कारण हैं; और

(ग) क्या जांच आगामी एक महीने में पूरी हो जायेगी।

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी): (क): जी, नहीं। जबकि 22 जून, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1368 तथा 20 जुलाई, 1977 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4156 के उत्तर में यह बताया गया था कि सभी 9 कदाचारी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चालू है, 22 फरवरी, 1978 के अतारांकित प्रश्न संख्या 302 के उत्तर में यह बताया गया था कि एक व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई पूरी हो चुकी है और शेष 8 कर्मचारियो के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है।

(ख) और (ग): विभागीय कार्रवाईयां अर्ध न्यायिक होने के कारण इनके मुकम्मल होने में समय लगता है। यद्यपि जांचों को शीघ्र मुकम्मल करने के प्रयास किये जा रहे हैं, तो भी कोई निश्चित समय सीमा नहीं दी जा सकती।

## आकाशवाणी में रेगुलर (नियमित) नियुक्तियां

4050. श्री नवाब सिंह चौहान: क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सूचना और प्रसारण मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की 16 दिसम्बर, 1977 की बैठक की मद संख्या 47 के उत्तर में यह बताया गया था कि तदर्थ नियुक्तियो के स्थान पर रेगुलर (नियमित) नियुक्तियां की जा रही हैं;

(ख) यदि हां, तो किन-किन स्थानो पर रेगुलर (नियमित) नियुक्तियां हो गई हैं और क्या प्रोग्राम सम्बन्धी रेगुलर और अनुबंधित अधिकारी तदर्थ रूप मे अभी भी कार्य कर रहे हैं और यदि हां तो किन-किन स्थानो पर ये कार्य कर रहे हैं; और

(ग) रेगुलर नियुक्तियां करने में विलम्ब के क्या कारण है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण अडवाणी): (क) जी, हा।

(ख) और (ग). सूचना एकत्रित की जा रही है और उसको सदन की मेज पर रख दिया जायेगा।

## National Police Commission

4051. PROF. P. G. MAVALANKAR: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether the National Police Commission have started functioning and deliberating as per their terms of reference;

(b) if so, whether the said Commission have given or are likely to give shortly one or more interim reports to the Government;

(c) when is the Commission's report expected;

(d) whether the Commission are holding sessions in Delhi alone or elsewhere in the country and whether they are receiving comments and views from the public; and

(e) if so, broad details thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) Yes, Sir.

(b) The Commission has not yet given any interim report. The feasibility of submitting an interim report is under consideration of the Commission.

(c) Examination of the issues arising from the wide terms of reference of the National Police Commission will require collection of considerable data and ground material before evolving specific recommendations. This will take time and it is too early to indicate